राहत | आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित, लोगों को मिली तपन से राहत

# बेलखाडू में दोपहर बाद बदला मौसम का मिजाज







**बेलखाडू, जबलपुर नवभारत।** सोमवार सुबह से बेलखाडू और आसपास के क्षेत्रों में तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन चढ़ने के साथ-साथ गर्मी की तपन इतनी बढ़ गई कि दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा छा गया। लेकिन करीब दोपहर 3 बजे के आसपास मौसम ने अचानक करवट बदली और देखते ही देखते आसमान में काले बादलों ने डेरा जमा लिया।

कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ आंधी शुरू हो गई। आसमान में बिजली की चमक और गरज के बीच पहले हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसने लोगों को राहत का एहसास कराया। हालांकि यह राहत ज्यादा देर नहीं टिक सकी और लगभग एक घंटे बाद बारिश ने जोर पकड़ लिया। तेज बारिश के साथ पूरे क्षेत्र में मौसम ठंडा हो गया और गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली।

### छज्जों के नीचे शरण लेते दिखाई दिए राहगीर


तेज हवाओं के कारण जगह-जगह धूल उड़ती नजर आई और कई स्थानों पर कचरे के ढेर बिखर गए। अचानक हुई बारिश से बचने के लिए राहगीर दुकानों और छज्जों के नीचे शरण लेते दिखाई दिए। बिजली की आंख-मिचौली ने भी लोगों को परेशान किया।

### खुले में रखी गेंहू की फसल भीगी

अचानक बदले मौसम का सबसे ज्यादा असर मंडियों और गल्ला बाजार में देखने को मिला, जहां खुले में रखी गेहूं की फसल बारिश में भीग गई। किसानों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए तिरपाल बिछाकर अनाज को बचाने की कोशिश की।

### राहत के साथ किसानों की बढ़ी चिंता

दिन की भीषण गर्मी और शाम की तेज बारिश के इस अचानक बदलाव ने मौसम को पूरी तरह पलट दिया। लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों और व्यापारियों के लिए यह बारिश चिंता का कारण बन गई।



# मझौली में गूंजा 'जय गौ माता' का उद्घोष

▸ गौवंश को राष्ट्र माता का दर्जा देने सौंपा ज्ञापन

**मझौली, नवभारत।** गौवंश के संरक्षण और उनके सम्मान को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से आज मझौली नगर में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत एक विशाल रैली और ज्ञापन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सोमवार, 27 अप्रैल 2026 को क्षेत्र के गौ सैनिकों और धर्म रक्षकों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।

अभियान की शुरुआत दोपहर 3 बजे इन्द्राना रोड स्थित बस स्टैंड से हुई। यहाँ बड़ी संख्या में गौ भक्त और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। हाथों में ध्वज और गौ सेवा के संकल्प के साथ, जय गौ माता, जय श्री राम और जय नंदी बाबा के नारों से पूरा मझौली गुंजायमान हो उठा। यह पैदल मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ तहसील कार्यालय पहुँचा।

तहसीलदार के माध्यम से सरकार तक पहुँचाए गए ज्ञापन में तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया गया है जिसमें कहा गया है कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देकर सम्मानित पद प्रदान किया जाए ताकि संपूर्ण देश में गौवंश को उचित संवैधानिक सम्मान मिल सके। भारत में गौ हत्या पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने हेतु कड़ा कानून बनाया जाए, जिससे देश का गौवंश सुरक्षित रहे। एवं केंद्र स्तर पर पृथक गौ सेवा मंत्रालय' का गठन हो और एक सशक्त केंद्रीय गौ सेवा कानून लागू किया जाए।

### चलाया जाएगा गौ सम्मान आह्वान अभियान

आयोजकों ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि गौवंश की सुरक्षा के लिए एक निरंतर चलने वाली चेतना है। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी संख्या में उपस्थित धर्म रक्षकों ने गौ सेवा का संकल्प लिया। जब तक गौ माता को उनका उचित सम्मान नहीं मिल जाता और देश में गौ हत्या पूरी तरह बंद नहीं होती, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।'

# कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा 1 जून से

▸ राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी की समय-सारिणी

**नवभारत, जबलपुर।** कक्षा 5वीं एवं 8वीं के उन विद्यार्थियों के लिए पुन: परीक्षा आयोजित की जाएगी जो सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहे हैं। यह परीक्षा 1 जून से 6 जून 2026 तक प्रदेशभर में आयोजित की जाएगी। इसमें शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं तथा पंजीकृत मदरसों के विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। शाला प्रमुख, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, बीआरसीसी और डीपीसी के लॉगिन से भी प्रवेश पत्र उपलब्ध रहेंगे। सभी विद्यार्थियों को 25 मई तक प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।


### जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर बनेंगे परीक्षा केंद्र

पुन: परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर बनाए जाएंगे। यदि किसी केंद्र पर 500 से अधिक विद्यार्थी होंगे, तो अनुमति लेकर अतिरिक्त केंद्र बनाए जा सकेंगे। केंद्र निर्धारण की मैपिंग 15 मई तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की उपस्थिति और उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित शाला प्रमुखों और शिक्षकों को सौंपी गई है।

**परीक्षा से पहले अतिरिक्त शिक्षण अनिवार्य**

राज्य शिक्षा केन्द्र ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से पूर्व शाला स्तर पर विषयवार अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएं। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट कार्य पूरा नहीं किया है या कम अंक प्राप्त किए हैं, उनका कार्य पूर्ण कराकर मूल्यांकन किया जाएगा।

# कृषि आदान विक्रेताओं का बड़ा निर्णय, मांगों को लेकर 'मझौली बंद' का आह्वान



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत और जिला अध्यक्ष जयेश ओझा के मार्गदर्शन में आज मझौली ब्लॉक के कृषि आदान विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपनी लंबित मांगों और प्रशासनिक समस्याओं के विरोध में क्षेत्र के समस्त व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान किया गया है।

### संगठन ने दिखाई एकजुटता

मझौली ब्लॉक अध्यक्ष सुशील परौहा और उपाध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। सचिव सतेन्द्र सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि ब्लॉक के सभी विक्रेता इस मुहिम में साथ हैं और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों का मिला समर्थन

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक अरुण मिश्रा सुनील राजपूत विनोद असाटी एवं विपिन भट्ट ने भी व्यापारियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कृषि आदान विक्रेताओं को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के साथ-साथ अब जमीनी स्तर पर एकजुटता दिखाना आवश्यक है।

### बंद को सफल बनाने की अपील

ब्लॉक इकाई ने मझौली क्षेत्र के सभी खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं से अपील की है कि वे इस बंद को सफल बनाएं ताकि व्यापारियों की आवाज बुलंद की जा सके। संगठन का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का ठोस समाधान नहीं निकलता, संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉग अध्यक्ष सुशील परौहा, महेन्द्र भट्ट, सतेन्द्र सिंह राजपूत, अरुण मिश्रा, सुनील राजपूत, विनोद असाटी, विपिन भट्ट सहित मझौली क्षेत्र के दर्जनों प्रतिष्ठित व्यापारी और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## कृषि आदान व्यापारियों ने दिया ज्ञापन, दुकानें बंद रखीं



**पाटन, नवभारत।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के तत्वाधान में खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आवाहन किया गया था आदान विक्रेताओं द्वारा इस दौरान अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए पाटन ब्लॉक में भी खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम मानवेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सोपा गया जिस्म की तमाम परेशानियों और अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की बात रखी गई इस दौरान पाटन नगर की सभी कृषि आदान दुकान बंद नजर आई विक्रेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन टैगिंग को अपराध घोषित किया जाए खाद की आपूर्ति कंपनियों द्वारा विक्रेता की दुकानों तक की जाए डॉलर मार्जिन में बढ़ोतरी हो साथी पोर्टल में राहत प्रदान की जाए अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे एवं अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति दी जाए खाद बीज जो कीटनाशक के सील बंद पैकिंग में नमूने फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नहीं बल्कि एक गवाह बनाया जाए चुकी विक्रेता जिला कृषि अधिकारी से प्राप्त लाइसेंस के आधार पर केवल सील बंद माल बेचता है अत: गुणवत्ता की पूर्ण जवाबदारी निर्माता कंपनी की होती है ऐसे में व्यापारी पर कार्रवाई गलत है अन्य मांगों को लेकर विक्रेता संगठन द्वारा अपना ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन दर्ज किया गया ज्ञापन के दौरान कृषि आदान विक्रेता पाटन ब्लॉक के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# वसुधा के विमोचन के साथ हुआ टीएलएम मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**पनागर, नवभारत।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनागर में सोमवार को शालेय पत्रिका 'वसुधा' के द्वितीय संस्करण का विमोचन, टीएलएम मेला एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव एवं विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सोनम कटारे द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में छात्राओं ने लोक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। बंगाली, आसामी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी तथा सावन माह में महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले कजरी गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर शालेय पत्रिका 'वसुधा' के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। साथ ही पूरे सत्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु पुरस्कृत किया गया।विद्यालय में शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए टीएलएम मेले का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण सामग्री प्रदर्शित की गई। अतिथियों ने शिक्षकों के इस नवाचार की सराहना की।

प्रभारी प्राचार्य ऊषा रैकवार ने अपने प्रतिवेदन में विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वहीं शालेय पत्रिका के संपादक सत्येंद्र दीक्षित ने पत्रिका का प्रतिवेदन रखा।विशिष्ट अतिथि सोनम कटारे ने शिक्षकों व छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव ने छात्राओं के कौशल विकास आधारित शिक्षा पर बल देते हुए विद्यालय परिवार को उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन अमृत वालरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रमोद मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की पारूल श्रीवास्तव, प्रियंका सक्सेना, निक्की श्रीवास्तव, सुनीता सेन, नूतन त्रिपाठी, कुसुम गौर, रेखा राठौर, सुनीता मरावी, आशा कोल, श्वेता देव, मुरारी, सुलभ दीक्षित, रीना गर्ग, सीमा श्रीवास्तव, अंजना ठाकुर एवं निशा विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

## दिवंगत बैंक कर्मी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति दें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने दिवंगत बैंक कर्मी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी रितेश रैकवार की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी, अमित कुमार व रूपलाल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता राजेश रैकवारी इंडियन ओवरसीज बैंक की भरतपुरी शाखाए उज्जैन में अधिकारी स्केल, वर्ग-दो के पद पर कार्यरत थे। 16 जून 2022 को सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। जिसके बाद नियमानुसार आश्रित पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति दी जानी चाहिए। लेकिन बैंक ने याचिकाकर्ता का आवेदन 33 वर्षीय अविवाहित युवक होने के नाते निरस्त कर दिया।

# बारातियों पर बदमाशों ने किया हमला

**जबलपुर।** मझोली थाना अंतर्गत पोला में शादी समारोह में शामिल होने आए बारातियों पर बदमाशों ने हमला कर दिया और धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि बृजेश चक्रवर्ती 23 वर्ष निवासी सिंघपुर जबेरा दमोह ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह रिश्तेदार की बारात में ग्राम पोला आये था जहॉ से वह एवं उसका रिश्तेदार मनीष चक्रवर्ती राजा चक्रवर्ती के साथ मोटर सायकिल से मझोली आ रहा था रास्तें मे पोला तिराहे पर मोटर सायकिल एमपी 20 पीएक्स 1542 से 3-4 लोग आये और डण्डे से हमला कर उसे, मनीष एवं राजा को चोट पहुंचा दी। बीच बचाव करने अन्य लोग आये तो सभी जाान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। इसी प्रकार एक अन्य मामले में आर्यन भूमिया 18 वर्ष निवासी हरदुआ बंधा सिंहोरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह मझोली अंतर्गत खंदिया रिश्तेदारी में बारात में आया था जहॉ कपिल भूमिया एवं संजू भूमिया ने विवाद कर मारपीट की । लोहे की पट्टी से हमला कर चोट पहुंचा दी।

# ताला-पनपथा मार्ग पर चलती कार में लगी आग

▸ चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**चिल्हारी नवभारत 27 अप्रैल।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ताला-पनपथा मार्ग पर सोमवार सुबह मझौली के पहले चहली पुलिया के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक चलती डस्टर कार अचानक धुआं छोड़ते हुए आग की चपेट में आ गई। वाहन में केवल चालक सवार था, जिसने हालात को भांपते हुए तुरंत गाड़ी किनारे लगाई और सुरक्षित बाहर निकल गया।

देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### अत्यधिक गर्मी में वाहनों में तकनीकी खराबी का खतरा

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच इस तरह की घटनाएं अब सामने आने लगी हैं, जो आम लोगों के लिए चेतावनी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी में वाहनों में तकनीकी खराबी और ओवरहीटिंग का खतरा बढ़ जाता है।

### यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें

लोगों से अपील की गई है कि इस भीषण गर्मी में यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें, वाहन की नियमित जांच कराएं, इंजन और वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दें और किसी भी असामान्य संकेत जैसे धुआं या जलने की गंध महसूस होते ही तुरंत वाहन रोककर सुरक्षित दूरी बना लें।

## 3666 किसानों ने बेचा 1 लाख 36 हजार क्विंटल गेहूं

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन में लगातार तेजी आती जा रही है। अभी तक 3 हजार 666 किसानों से 1 लाख 36 हजार 248 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। किसानों से गेहूं का उपार्जन 60 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय के लिए अभी तक 19 हजार 631 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग भी कराई जा चुकी है। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बोरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने जिले के 50 हजार 788 किसानों द्वारा कुल पंजीकृत किसानों में से अभी तक 38.65 प्रतिशत किसान स्लॉट बुक करा चुके हैं। किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग 9 मई तक की जा सकेगी।

मांग | युवा कांग्रेस ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

# शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का तांडव



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। नो एंट्री लागू होने के बावजूद भारी वाहनों का शहर में खुलेआम प्रवेश जारी है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन रही है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व प्रदेश सचिव राजा रैकवार के नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंजना तिवारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व प्रदेश सचिव राजा रैकवार ने बताया कि शहर के कछपुरा, माल गोदाम, दीनदयाल चौक, बरेला मार्ग सहित सीमावर्ती इलाकों से रोजाना भारी वाहन बेधड़क शहर में दाखिल हो रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी है। उनका आरोप है कि सीमावर्ती इलाकों में तैनात कुछ पुलिसकर्मी कार्रवाई करने के बजाय केवल वसूली में लगे हुए हैं। युवा कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कपिल भोजक, अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ यादव, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, चिंटू ठाकुर, गोल्डी ठाकुर, प्रहलाद गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।